गैरसैंण, सोमवार
18 दिसम्बर 2023
वर्ष: 14
अंक: 217 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## चौथी बैठक में सीट बंटवारे पर होंगे निर्णायक फैसले

**◆2024 लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी होगी तेज**



नई दिल्ली। कांग्रेस की हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में हुई हार से बढ़ी विपक्षी खेमे की बेचैनी के बीच मंगलवार को होने वाली गठबंधन की बैठक में इससे उबरने का रास्ता निकालने के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक से जुड़ी सियासी सरगर्मियों के संकेतों से साफ है कि भाजपा को मजबूत चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बीच सीटों का बंटवारा पहली प्राथमिकता है।

**सीटों के बंटवारे की रूपरेखा होगी तैयार**

पांच राज्यों के चुनाव बाद की वास्तविकताओं को भांपते हुए सीट बंटवारे को गति देने की प्रक्रिया पर कांग्रेस भी अब लचीला रूख अपनाने के संकेत दे रही है। इस लिहाज से विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक में सीटों के बंटवारे की रूपरेखा तय हो जाने के आसार हैं। विपक्षी गठबंधन का संयुक्त सचिवालय और प्रवक्ताओं का पैनल बनाने से लेकर विपक्षी गठबंधन के वैकल्पिक सियासी नैरेटिव पर भी इस बैठक में निर्णायक फैसला लिया जाएगा।

**भाजपा की जीत के बाद विपक्ष के सामने नई चुनौती**

विपक्षी गठबंधन से जुड़े सूत्रों के अनुसार, हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में भाजपा की वापसी के बाद विपक्षी खेमे के पास लोकसभा चुनाव में मजबूत चुनौती पेश करने के लिए देरी की अब रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं है। सीट बंटवारे का फैसला करने के बाद ही गठबंधन के आगे की दशा–दिशा का ठोस निर्धारण हो पाएगा। उनका कहना था कि कांग्रेस को भी इस बात का अहसास हो गया है कि तेलंगाना में मिली जीत ही उसके लिए काफी नहीं है। पार्टी को सीट बंटवारे में क्षेत्रीय दलों के साथ लचीला व व्यावहारिक रूख अपनाना पड़ेगा।

**लोकसभा सीट बंटवारे पर व्यापक सहमति के आसार**

चार–पांच राज्यों के अलावा सीट बंटवारे में कोई खास दिक्कत नहीं है और ऐसे में 19 दिसंबर की बैठक में आइएनडीआइए के नेताओं के बीच लोकसभा सीट बंटवारे पर व्यापक सहमति बन जाने की संभावना है। विपक्षी खेमे में तालमेल की चुनौतियों के संदर्भ में सूत्र ने कहा कि उत्तरप्रदेश, बिहार, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के अलावा सीट बंटवारे की समस्या कहीं बड़ी अड़चन नहीं है।

## बिजली उपभोक्ताओं पर बढ़ेगा भार, 27 प्रतिशत की बढ़त

**●उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग को जल्द भेजा जाएगा प्रस्ताव**



देहरादून। प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को नए साल में बड़ा झटका लग सकता है। ऊर्जा निगम की ओर से वार्षिक विद्युत टैरिफ में 23 से 27 प्रतिशत तक वृद्धि की तैयारी है। इसके प्रस्ताव को ऊर्जा निगम की बोर्ड बैठक में मंजूरी मिल गई है। जल्द ही प्रस्ताव उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग को भेजा जाएगा।

इसके बाद आयोग इस प्रस्ताव का अध्ययन कर जनसुनवाई के बाद कोई निर्णय लेगा। एक अप्रैल तक प्रदेश में बिजली के नए दाम लागू कर दिए जाएंगे। उत्तराखंड के करीब 27 लाख उपभोक्ताओं को अगले साल बिजली का बिल झटका दे सकता है। ऊर्जा निगम ने अगले वित्तीय वर्ष के लिए नए विद्युत टैरिफ का प्रस्ताव लगभग तैयार कर लिया है।

**ऊर्जा निगम की बोर्ड बैठक**

शनिवार को निगम की अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में ऊर्जा निगम की बोर्ड बैठक हुई। जिसमें नए वार्षिक विद्युत टैरिफ समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान बोर्ड ने आगामी वित्तीय वर्ष में 23 से 27 प्रतिशत तक बढ़ोतरी के प्रस्ताव को सहमति प्रदान की।इस बढ़ोतरी के पीछे निर्धारित से अधिक दामों पर बाजार से बिजली खरीद, उत्तर प्रदेश से बंटवारे में मिली प्रतिभूतियों का करीब 3900 करोड़ खर्च शामिल है। 23 दिसंबर तक यह प्रस्ताव नियामक आयोग को भेज दिया जाएगा।

**पिछले वित्त वर्ष 2.68 प्रतिशत की हुई थी बढ़ोतरी**

प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद आयोग की ओर से इसका अध्ययन कर जनसुनवाई की जाएगी और सभी हितधारकों का पक्ष जानने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा।



# उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य के लिए देश भर के 32 लोग हुए सम्मानित

## आईएचएमएस में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरु

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार।** इंस्टिट्यूट ऑफ़ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरु हो गया। सम्मेलन के पहले दिन उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए देशभर से पहुंचे उच्च शिक्षण संस्थानों के 32 डीन, डायरेक्टर, प्राचार्य और प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया। शोधकर्ताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए।

शनिवार को बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान परिसर में आयोजित सम्मेलन का संस्थान के एमडी श्री बीएस नेगी, ईडी अजय राज सिंह नेगी और डायरेक्टर एकेडमिक डॉ सुनील कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए गलगोटिया यूनिवर्सिर्टी ग्रेटर नोयडा के प्रोफेसर राजीव



कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते सदस्य

मिश्रा, यजुवेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सिद्धार्थ श्रीवास्तव, प्रोफसर विकास सिंह, जेपी इंस्टीट्यूट मेरठ से डॉ राजीव चौधरी, आईआईएमटी मेरठ के डीन डॉ मसूद असलम, असिस्टेंट प्रोफेसर निर्भय कुमार, एडीजीआई यूनिवर्सिटी मेरठ के प्राचार्य डॉ हरवीर सिंह, एसआरएम स्टीट्यूट के उप प्राचार्य यतेंद्र कुमार, गीता यूनिवर्सिटी पानीपत हरियाणा के एचआर हेड डॉ प्रमोद शर्मा, दीवान वीएस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ शाहिल गोलाटी, असिस्टेंट प्रोफेसर अंजलि गोदियाल, असिस्टेंट प्रोफेसर कनिका पुरी, प्रोफेसर अजीत कुमार सिंह, बुद्धीज्म स्टडीस रास बिहारी बोस शुभभारती यूनिवर्सिटी देहरादून की प्रोफेसर साउहतुत सनदार, आईआईएमटी मेरठ के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नितिन गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार, सरदार भगवान सिहं यूनिवर्सिटी मेरठ के असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा नौडियाल, एसआरएम इंस्टीट्यूट मोदीनगर के असिस्टेंट प्रोफेसर पंकज कुमार सिसोदिया, चंडीगढ यूनिवर्सिटी पंजाब के असिस्टेंट प्रोफेसर सिद्धार्थ डे, आईईसी यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के अजय भारद्वाज, शुभभारती यूनिवर्सिटी देहरादून के आशीष घाघट, बीपीएस उमन यूनिवर्सिटी कानपुर यूपी की असिस्टेंट प्रोफेसर सोनीपत हरियाणा के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जगवीर सिंह दलाल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमित मलिक, असिस्टेंट प्रोफेसर हरेंद्र, राजकीय महाविद्याल कोटद्वार के प्रोफेसर रमेश सिंह चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर सरिता चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर त्रिपति दीक्षित, प्रोफेसर स्वाति नेगी, जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के एसिस्टेंट प्रोफेसर मो यूनूस खान, सीसीआई दिल्ली सुनील कुमार, बीपीएस महिला विश्वविद्याल के असिस्टेंट प्रोफेसर आनंद प्रसाद नायक, राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ विनय देवलाल, असिस्टेंट प्रोफेसर उषा सिंह और आईएचएमएस कोटद्वार की प्राध्यापक श्रेया चंदाला को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। दूसरे सेसन में देश के विभिन्न प्रांतों से पहुंचे शोध कर्ताओं ने अपने शोध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य संयोजक संस्थान के डायरेक्टर एकेडमिक डॉ सुनील कुमार, डॉ अश्विन शर्मा, प्राध्यापक सुरेंद्र जागवान समेत संस्थान के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

# स्वच्छता का दिया संदेश, शहर में निकाली साइकिल रैली

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार:** हेड हेरिटेज एकेडमी व ग्रीन वैव्स संस्था की ओर से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए साइकिल रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

रविवार को मालवीय उद्यान से शुरू हुई साइकिल रैली को पुलिस क्षेत्राधिकारी

**हेड हेरिटेज एकेडमी व ग्रीन वैव्स संस्था की ओर से निकाली गई रैली**

विभव सैनी, नायब तहसीलदार कमल सिंह राठौर व डा.विजय मैठाणी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में हेड हेरिटेज एकेडमी के साथ ही अन्य विद्यालयों के तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। करीब बारह किलोमीटर के इस सफर के दौरान आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी



स्वच्छता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकालते विद्यार्थी

भूषण ने कहा कि शहर आपका हमारा है। इसलिए इस स्वच्छ व सुंदर बनाने की भी जिम्मेदारी हमारी है। उन्होंने आम जन से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने की भी अपील की। कहा कि कूड़ा सदैव कूड़ेदान में ही डाले।

उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड को लेकर होने वाले विरोध को भी दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में हमारे अपने घरों के कूड़े का निस्तारण किया जाता है। ऐसे में इसका विरोध करना ठीक नहीं है।

कार्यक्रम में पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल ने कहा कि स्वच्छ शहर की शुरूआत हमें अपने घर से करनी चाहिए।

इस मौके पर मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, प्रमोद बंसल, हेड हेरिटेज एकेडमी के प्रबंधक कर्नल कुंवर अजय सिंह, प्रधानाचार्य रूपमाला सिंह आदि मौजूद रहे।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, महिला झुलसी



भाबर क्षेत्र के अंतर्गत लोकमणीपुर में आग लगने से खाक हुआ दुकान में रखा सामान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार:** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत लोकमणीपुर में दुकान में आग लगने से एक महिला बुरी तरह झुलस गई। आग लगने से दुकान में रखा सामान भी पूरी तरह खाक हो गया।

घटना सुबह करीब 11 बजे की है। लोकमणीपुर निवासी अनुपमा देवी 34 वर्ष अपनी प्रचून की दुकान में बैठी हुई थी। इसी दौरान शार्ट सर्किट से दुकान में रखे अन्य सामान ने आग पकड़ ली। दुकान में मौजूद अनुपमा कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसके कपड़ों में भी आग लग गई। आसपास घरों के बाहर बैठे लोगों ने दुकान से धुंआ निकलते हुए देखा तो वह मौके पर पहुंचे और महिला को राजकीय बेस चिकित्सालय में भर्ती करवाया। मोहल्लावासियों ने बताया कि अनुपमा का पति बिजेंद्र क्षेत्र में फैरी लगाने का कार्य करता है। रविवार सुबह वह फैरी लगाने के लिए चला गया था। जबकि, महिला के तीन बच्चे ट्यूशन पढ़ने के लिए गए हुए थे। परिवार दुकान में ही रहता था। चिकित्सकों ने बताया कि आग से महिला का शरीर 80 प्रतिशत जल चुका है।

# छात्राओं ने नदियों के आसपास फैले कचरे का किया निस्तारण



स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार:** शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज कण्वघाटी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय स्वच्छता शिविर लगाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वयंसेवियों ने स्पर्श गंगा दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली तथा मालन नदी में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेवियों ने नदी में जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मंजु कपरवाण ने विद्यार्थियों से अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की सीख दी। कहा कि स्वच्छत भारत निर्माण के लिए हम सभी भी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। अवसर पर पार्षद श्री राकेश विष्ट ने स्वयंसेवियों को नदी नालों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया तथा बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की । स्वयंसेवियों में जिया खुशबू , प्रेरणा, प्रीति पटेल सरगम आदि ने स्वयंसेवियों का नेतृत्व किया।

# रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार:** स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर पब्लिक इण्टर कालेज सुरखेत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के सेवित ग्राम रणस्वा में प्राकृतिक जलस्त्रोतों की साफ सफाई करके प्लास्टिक, पॉलीथीन व अन्य प्रकार के कचरे का उन्मूलन किया।

विद्यालय के शिक्षकों प्रमोद रावत, प्रकाश कैंथोला और नीरज रमोला के मार्गदर्शन में निकाली गई स्पर्श गंगा जनचेतना रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्र – छात्राओं को जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य तथा एनएसएस० के गढ़वाल मण्डल कार्यक्रम समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि उत्तराखण्ड में गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए गंगा को स्पर्श करने वाली सभी छोटी–बड़ी नदियों, गाड – गधेरों, प्राकृतिक जलस्त्रोतों को साफ व स्वच्छ बनाए रखने के लिए वर्ष 2009 से प्रत्येक वर्ष 17 दिसम्बर को स्पर्श गंगा दिवस के रुप में मनाकर पूरे प्रदेश में गंगा स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। हर हर गंगे, जय मां गंगे, एक ही संकल्प एक ही नारा, निर्मल बहे गंगा की धारा, हम सबने यह ठाना है, गंगा को स्वच्छ बनाना है जैंसे नारों की स्लोगन पट्टिकाएं हाथों में लेकर स्वयंसेवियों की रैली ने ग्राम रणस्वा के



स्वच्छता रैली निकालते सुरखेत के विद्यार्थी

ग्रामीणों को नदियों व जलस्त्रोतों को गंदा न करने के लिए जागरूक किया । छात्र – छात्राओं ने गांव के जलस्त्रोतों के निकट झाड झंकाड़ काटकर तथा पॉलीथीन प्लास्टिक व अन्य कचरे को एकत्रित करके उसे नष्ट किया। स्वच्छता कार्यों में ग्रामीण महिलाएं सहित स्वयंसेवी आयुष, अभिषेक, करन, प्रियांशु, रितेश, दिव्यांशु, कशिश, चाँदनी , शालिनी, साक्षी, गौरी ' अर्चना, प्रियंका 'महक, रोनिका कोमल, दिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुष्पेंद्र अध्यक्ष, जगदम्बा बने उपाध्यक्ष

**सतपुली।** श्री राम जन्मभूमि अक्षत वितरण अभियान के तहत रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर सतपुली में संघ के जिला शारीरिक प्रमुख नरेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर एक अक्षत वितरण समिति का गठन किया गया। जिसमें सतपुली खंड के लिए पुष्पेंद्र राणा को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद डंगवाल, महामंत्री वासुदेव भट्ट, मंत्री पूर्णचंद्र काला, खैरासैण से राजेन्द्र सिंह रावत व उपेंद्र नेगी धर्मपाल प्रचारक संघ दुधारखाल, विनोद चौहान, वासुदेव भट्ट, गेरुआ मनोहर खंडवाला, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह बिष्ट, मंडल अध्यक्ष भाजपा सतपुली, राजखिलसे, दिगंबर सिंह एवं नरेश, कांडाखाल से जगदंबा प्रसाद ध्यानी संजय एवं बालेश्वर चौधरी को चुना गया। नरेश कुमार ने बताया कि देशव्यापी अभियान में यह कार्यक्रम चलेगा। अभियान के तहत हर हिंदू के घर तक यह प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके लिए पूरी व्यापक योजना बनाई गयी है। बैठक का संचालन संघ खंड कार्य वाह सतपुली देवी प्रसाद ने किया

## भराड़ी में बिजली की आंख–मिचोली से कारोबारी परेशान

**बागेश्वर(सं)।** भराड़ी बाजार के लोग बिजली की आंख–मिचोली से परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि शनिवार को दोपहर दो बजे से शाम छह बजे तक बिजली गुल रही। रविवार की सुबह आठ बजे से फिर बिजली गुल हो गई है। रविवार को अवकाश का दिन है। स्कूल के बच्चों को होमवर्क आदि दिया गया है। बिजली के अभाव में सभी लोग परेशान हैं। भराड़ी बाजार, बमसेरा, ऐठाण, पाली डुंगरा, हिचौड़ी क्षेत्र में चार हजार लोग परेशान है।

## कांडा में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**बागेश्वर(सं)।** कांडा आईटीआई मैदान में नव युवक मंगल दल ढलान द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सभी से खेल भावना के साथ मैदान में उतरने की अपील की है। इस कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष नंदा बल्लभ तिवारी, अरुण कुमार, आनंद धपोला, दरवान सिंह, चंद्रा मेहता आदि मौजूद रहे।

## दो लोगों ने गटका जहर, अस्पताल में भर्ती

**बागेश्वर(सं)।** जिले में दो अलग–अलग स्थान पर जहर गटकने का मामला सामने आया है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों की हालत में सुधार हो रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार माल्ता गांव की एक विवाहिता ने जहर गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां उसका उपचार चल रहा है। देर शाम भिलकोट निवासी 42 साल की एक महिला ने भी जहर गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। डॉक्टर गुंजन आर्या ने बताया कि दोनों की हालत ठीक है। दोनों ने चूहे मारने की दवा खाई है। उनका इलाज चल रहा है।

## काशीपुर बार एसोसिएशन के चुनाव 23 दिसंबर को

**काशीपुर(सं)।** काशीपुर बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए चुनाव के लिए मतदान 23 दिसंबर को होगा। मतगणना के बाद उसी दिन देर रात परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी आनंद स्वरूप रस्तोगी व अंशुमन सिंह ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इन चुनावों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि 18 व 19 दिसंबर तय की गई है। 18 दिसंबर को शाम 4 बजे तक और 19 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। 19 दिसंबर को ही दोपहर तीन बजे तक आपत्तियों का निस्तारण और नामांकन पत्रों की जांच होगी। इसी दिन शाम 4 बजे तक नाम वापसी हो सकेगी। 20 दिसंबर को प्रत्याशियों के नाम की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। मतदान 23 दिसंबर को सुबह साढ़े आठ बजे से अपराह्न ढाई बजे तक होगा। इसके उपरांत उसी दिन मतगणना की जाएगी। देर रात तक चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

## विधायक पांडे ने उज्ज्वला योजना के बांटे गैस कनेक्शन

**रुद्रपुर(सं)।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गूलरभोज नई बस्ती वार्ड एक में रविवार को विधायक अरविंद पांडे ने पात्रों को गैस कनेक्शन बांटे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। योजना के तहत गरीब परिवारों को चूल्हे पर खाना बनाने से निजात दिलाने को उज्ज्वला योजना चलाई गई है। इस मौके पर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे, रमेश सागर, मुकेश राजभर, प्रकाश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने हेतु जुटे कांग्रेसी



**रुद्रपुर(सं)।** आगामी 21 तारीख को रुद्रपुर में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी सौरभ चिलाना ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचने की अपील की। रविवार को अनुपम सिनेप्लेक्स स्थित नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर आयोजित बैठक में सौरभ चिलाना ने कहा कि आगामी 21 तारीख को रुद्रपुर के सिटी क्लब में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में सम्मेलन में पहुंचने की अपील के साथ सम्मेलन को सफल बनाए जाने पर चर्चा की। सम्मेलन में शीर्ष नेतृत्व कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे। आगामी वर्ष 2024 में लोकसभा, निकाय, ग्राम पंचायत आदि के चुनाव है। सम्मेलन में आगामी चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया जाएगा। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को एक जुट होने का आहवान किया।

इस मौके पर संजीव सिंह, राजेश प्रताप सिंह, गुड्डू तिवारी, विनोद कोरंगा, सुनील कुमार, राजीव जग्गी, अशोक मित्रा, ओमप्रकाश दुआ, नितिन शर्मा, अक्षय बाबा, दलीप सिंह, फजील खान, एनयू खान, छोटेलाल कोली, अफजाल शैरी, अफसार कुरैशी आदि थे।

## मीट कारोबारियों का अनशन समाप्त

**बागेश्वर(सं)।** नगर पालिका के खिलाफ मीट–मांस विक्रेताओं का क्रमिक अनशन समाप्त हो गया है। अनशन पर बैठे लोगों को नगर पालिका के ईओ हयात सिंह परिहार ने जूस पिलाया और आंदोलन स्थल से उठाया। जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। मालूम हो कि दो दिसंबर को नगर पालिकाध्यक्ष का कार्यकाल पूरा हुआ। उसी दिन जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने पालिका को निर्देश दिए कि मीट मार्केट से बाहर कोई भी मीट व मांस नहीं बेचेगा। इसके बाद पालिका ने नोटिस देकर बाहर चल रही दुकानों को बंद कर दिया। इसके खिलाफ मीट विक्रेताओं ने अनशन शुरू कर दिया। शनिवार को रमेश कोहली और प्रकाश अनशन पर बैठे। दिनभर आंदोलन का दौर जारी रहा। देर शाम नगर पालिका के ईओ परिहार, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण आदि आंदोलन स्थल पर पहुंचे। एक घंटे की लंबी वार्ता के बाद व्यापारी मान गए।

# रुद्रपुर में सिख सम्मेलन आज, जुटेंगे हजारों युवा


**रुद्रपुर(सं)।** युवा सिख सम्मेलन को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता की। बताया कि रुद्रपुर में सोमवार को होने वाले सिख सम्मेलन में तराई के करीब पांच हजार सिख युवा शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। अन्य मंत्रीगण भी इसमें शामिल रहेंगे।

एक रिजॉर्ट में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने कहा कि तराई के सिख युवाओं के लिए यह सम्मेलन रखा गया है। सभी विधानसभाओं के सिख युवा इसमें शामिल होंगे। करीब पांच हजार युवा सम्मेलन में शिरकत करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय पर्यटन रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री बलदेव सिंह औलख आदि भी भाजपा के तमाम कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। बताया कि गिल रिजॉर्ट में यह सम्मेलन होगा। विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि तराई में सिखों और पंजाबी समुदाय की संख्या बहुतायत है। सिख समाज को सम्मान देने के लिए यह सम्मेलन रखा गया है। ऊधमसिंह नगर को मिनी पंजाब भी कहा जाता है। सम्मेलन के दौरान सिखों के लिए घोषणाएं भी हो सकती हैं। इस मौके पर प्रदेश मंत्री गुरविंदर चंडोक, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रणजीत सिंह गिल, जिला महामंत्री अमित नारंग, जिला मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

## स्पर्श गंगा दिवस पर निकाली जन जागरूकता रैली

**काशीपुर(सं)।** उदयराज हिन्दू इंटर कालेज की एन एस एस शाखा इकाई के स्वयं सेवकों ने स्पर्श गंगा दिवस पर ढेला नदी पर सघन स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। साथ ही जन जागरूकता रैली निकाली। इससे पूर्व विद्यालय में स्पर्श गंगा दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में प्रवक्ता मुकेश मिश्रा ने स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देवभूमि से उदगम गंगा नदियों के जल की शुद्धता और गुणवत्ता को बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। वहीं शिक्षक कौशलेश गुप्ता ने उद्योगों तथा घरेलू अपशिष्टों को सीधे जलाशयों में न बहाने पर जोर देते हुए उनके पुनः चक्रण की बात कही। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा, मनोज शर्मा, कपिल भारद्वाज, अनिल कुमार सिंह, पंकज कुमार तिवारी,प्रमोद कुमार समेत शिक्षक व छात्र मौजूद रहे ।

# शीतलहर से निपटने को जनपद के अधिकारियों की ली बैठक



**अल्मोड़ा(सं)।** जनपद में शीतलहर से निपटने को लेकर अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह मर्तोलिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आहुत की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों से ठण्ड से बचाव हेतु तहसील व अन्य स्थानों पर अलाव जलाने एवं क्षेत्र में कंबल वितरण कार्यों की जानकारी ली तथा समस्त उप जिलाधिकारियों एवं नगर निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक गरीब/असहाय व्यक्ति को कंबल वितरण किया जाए तथा नियमित रूप से अलाव जलाए जाय ताकि राहगीरों को ठंड से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के सभी लकड़ी टालों पर सूखी लकड़ी का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र अंतर्गत स्थापित रेन बसेरों का स्थलीय निरीक्षण कर उनमें पेयजल, विद्युत, बिस्तर, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया जाए ताकि राहगीरों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क मार्गों पर पाला प्रभावित स्थलों पर चेतावनी बोर्ड चस्पा कर दिये जायें ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। साथ ही पाला प्रभावित स्थानों पर नियमित रूप से चूने एवं नमक का छिड़काव किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के ऐसे स्थानों पर जहां बर्फ पड़ती है वहां सड़क मार्गो को खोलने के लिए जेसीबी आदि मशीनें तैनात रखी जाए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद के सभी क्षेत्रों में पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए तथा जनपद के बर्फबारी वाले क्षेत्रों तथा अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में माह मार्च तक का राशन सस्ता गल्ला विक्रेताओं को उपलब्ध करा दिया जाए ताकि संबंधित क्षेत्र के लोगों को शीतकाल में राशन न मिलने संबंधी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी व पीएचसी में सभी आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने के साथ ही अन्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखी जाय। अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, जल संस्थान, पेयजल निगम को निर्देश दिए कि पेयजल की समस्या हेतु जिन स्थानों पर भारी बर्फबारी के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है उन्हें पूर्व में ही चेक करके ठीक किया जाय। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बर्फबारी के दौरान जिले में विद्युत व्यवस्था तुरंत सुचारू की जा सके, इस हेतु सभी आवश्यक तैयारियां रखी जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी तहसीलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर लिया जाय। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने मुख्य एजेंडा बिंदु से सभी उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में उपजिलाधिकारी द्वाराहाट सुनील कुमार, सदर/भनोली एन एस नगन्याल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आर सी पंत, सम्भागीय परिवहन अधिकारी गुरुदेव सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पांच दिवसीय मूल्य आधारित शिक्षा से संबंधित कार्यशाला का समापन

**अल्मोड़ा(सं)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पांच दिवसीय मूल्य आधारित शिक्षा से संबंधित कार्यशाला का समापन डाइट के प्राचार्य जी जी गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए गोस्वामी ने कहा कि आज के समाज में मूल्यों की आवश्यकता है।

शिक्षक मूल्यों को छात्रों तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में गोपाल सिंह गैड़ा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षकों को छात्रों में सृजनात्मकता, सहयोग, आपसी भाईचारा, पर्यावरण के प्रति सजगता, शांति के लिए शिक्षा, प्रेम, करूणा, अहिंसा, साहस, समानता, बंधुत्व की भावना, प्रेरणा, सकारात्मक सोच, आत्मानुशासन, उत्तरदायित्व की भावना, संवेदनशीलता, स्वच्छता, कर्तव्यों के प्रति जागरूकता आदि गुणों का विकास करना है।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ दीपा जलाल ने कहा कि छात्रों को एक उत्तरदाई नागरिक बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

डॉक्टर दीपा ने कहा कि भारतीय संविधान की धारा 51क में दिए गए मूल कर्तव्यों के प्रति शिक्षकों और छात्रों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर डॉ प्रवेश जोशी ने आत्मानुशासन पर विशेष जोर दिया।

कृपाल शीला ने पर्यावरण के प्रति सजग रहने की आवश्यकता की बात रखी, डॉक्टर कैलाश डोलिया ने परंपरागत मूल्यों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता की बात कही। इस कार्यशाला में डाइट से डॉ भुवन चंद पाण्डेय, प्रकाश पंत, ललित मोहन पांडे, डॉ चंपा बिष्ट, डॉ पवनेश ठकुराठी, पूरन चंद पांडे, ललित आर्य, प्रेमा गढ़कोटी, नागेन्द्र चौहान, अमरनाथ भोज आदि शिक्षकों द्वारा विचार व्यक्त किए गए। कार्यशाला का संचालन डॉक्टर दीपा जलाल द्वारा किया गया।

## अंडर–14 फुटबॉल प्रतियोगिता में हवालबाग रहा प्रथम स्थान पर

**अल्मोड़ा(सं)।** जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी प्रशान्त कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर आयु वर्ग अंडर–14, अंडर–17, अंडर–19 बालक/बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान हवालबाग में किया गया तथा बैडमिन्टन मिक्स डबल प्रतियोगिता का आयोजन हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम अल्मोड़ा में किया गया। उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर–14 में हवालबाग प्रथम स्थान पर, ताड़ीखेत द्वितीय स्थान पर एवं द्वाराहाट तृतीय स्थान पर रहे। अंडर–17 में प्रथम स्थान हवालबाग, द्वितीय स्थान भिकियासैंण एवं तृतीय स्थान द्वाराहाट को प्राप्त हुआ।

## नैनीडांडा में होगी देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी:** सरकार की महत्वाकांक्षी देवभूमि उद्यमिता योजना की शुरुआत हो गई है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना को भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से चलाया जा रहा है।

स्वतंत्रता सेनानी स्व. थानसिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा के भूगोल संकाय की डा. अर्चना ने देवभूमि उद्यमिता योजना, स्वरोजगार, उद्यमिता कौशल व स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विगत 5 से 10 दिसंबर तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। डा. अर्चना ने बताया कि युवाओं में छिपे कौशल ही उनके अपने व क्षेत्र के विकास के माध्यम बनेंगे। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें उत्तराखंड के स्थानीय लोगों, युवाओं, छात्र छात्राओं में प्रतिभा व कौशल की खोज करने की जानकारी दी गई। उत्तराखंड सरकार भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के साथ मिलकर प्रदेश के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। योजना के तहत नैनीडांडा महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम, बूट कैंप, ईडीपी कार्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ युवाओं को उद्यमिता विकास की जानकारी दी जाएगी इस योजना में नियमानुसार फंडिंग भी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले कोई भी युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को फैकल्टी मेंटर गाइड करेंगे। मेंटरशिप प्रोग्राम में उच्च शिक्षा विभाग के ट्रेनर्स प्रतिभागियों को उद्यमिता आइडियाज, बिजनेस वैल्यू, बी ब्रांडिंग, फंडिंग, उद्यमिता शिक्षा, उत्तराखंड के उत्पाद, पर्यटन, आतिथ्य उद्योग, योग, होमस्टे, आयुर्वेद, मत्स्य पालन, फूड प्रोसेसिंग, आदि के बारे में जानकारी देकर उद्योग की स्थापना में भी गाइड करेंगे। इसी क्रम में नैनीडांडा महाविद्यालय में भी उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्राचार्य डा. बीपी उनियाल ने कहा कि नैनीडांडा महाविद्यालय पौड़ी जिले के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र में है। रोजगार के अभाव में यहां पर पलायन की समस्या बहुत बड़ी है। देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र की स्थापना क्षेत्र के विकास व पलायन को रोकने के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। स्थानीय लोगों, महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र छात्राओं में इससे प्रसन्नता की लहर है।

### शिक्षक जगदीश राठी को मिलेगा टीचर्स आइकन अवार्ड-2024

**कोटद्वार:** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कांडाखाल के शिक्षक जगदीश राठी का चयन टीचर्स आइकन अवार्ड-2024 के लिए हुए हैं। शिक्षक को अवार्ड मिलने का शैलशिल्पी विकास संगठन ने स्वागत किया है। संगठन के अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि घमंडपुर निवासी शिक्षक जगदीश राठी शिक्षण कार्यो के साथ ही लगातार समाज सेवा से भी जुड़े रहते हैं। डा.यादवेंद्र नाथ मैमोरियल ट्रस्ट रुड़की की ओर से शिक्षक को सात जनवरी को टीचर्स आइकन अवार्ड दिया जाएगा। शिक्षक जगदीश राठी वर्तमान में उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अनु.जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व उन्हें डा.अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड-2015, उत्तराखंड सेवा सम्मान-2016 डा.भीमराव अंबेडकर सेवा सम्मान-2017 व डा.भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड-2018 भी मल चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए वैश्य महासंघ ने भी जगदीश राठी को अग्रसेन सम्मान-2023 दिया। -

### वॉलीबाल प्रतियोगिता में जीआईसी कर्तिया व अदालीखाल रहा विजेता

**पौड़ी:** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गीताराम पोखरियाल व स्व. थानसिंह रावत स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता इंटर कॉलेज अदालीखाल के खेल मैदान में आयोजित हुई। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में 15 व ओपन प्रतियोगिता में भी 15 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता से हुआ। उद्घाटन मैच में इंटर कॉलेज अदालीखाल ने जीआईसी कोचियार की टीम को पराजित किया। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में जीआईसी कर्तिया की टीम ने इंटर कॉलेज अदालीखाल की टीम को 3-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। ओपन स्तर की प्रतियोगिता के फाइनल में स्पोर्ट्स क्लब रिखणीखाल की टीम ने एबीवीपी नैनीडांडा की टीम को 3-1 से हराकर विनर ट्रॉफी पर कब्जा किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि वीएमएस इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य वासुदेव पंत ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सत्यपाल सिंह उनियाल, प्रबंध समिति अध्यक्ष शीशपाल सिंह कंडारी, प्रबंधक पदमेंद्र सिंह असवाल, पीटीए अध्यक्ष पृथ्वीपाल पर्णवाल, प्रधानाचार्य आशीष देव पांडे, चंद्रमोहन सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, कमलेश ध्यानी आदि मौजूद रहे।

## 'आचरण' पुस्तक का किया विमोचन, शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

### ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आयाजित किया गया कार्यक्रम

संवाद सहयोगी,

**कोटद्वार** । ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से स्व.लक्ष्मी दत्त जोशी की लिखी पुस्तक 'आचरण' का भी विमोचन किया गया। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

सुरेंद्र लाल आर्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि योगेश पांथरी ने कहा कि हमें एकजुट होकर समाज हित में अपना योगदान देना चाहिए।

विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने कहा कि कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली शिक्षिका रोशनी नैथानी व ममता भंडारी को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में पुस्तक का विमोचन करते सदस्य व अन्य

कहा कि मंच का मुख्य उद्देश्य समाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे लोगों को आगे बढ़ाना है। इस मौके पर डा.नागेंद्र ध्यानी, डा.दिलवर बेबनी, डा. एनके ढौंडियाल, महेंद्र अग्रवाल, पीएल खंतवाल, चंद्रमोहन बड़थ्वाल, राजेंद्र जजेडी, शंकर दत्त गौड़, डा.विनोद, ललन बुड़ाकोटी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश नैथानी ने किया।

### ग्रामीणों ने उठाई पुश्ता मरम्मत की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी:** श्रीकोट खंडाह-नैसू-हुल्कीखाल मोटरमार्ग पर पन्दाल्यूं गांव में भारी बारिश से सड़क का पुश्ता गिरने से स्थानीय ग्रामीण परेशान है। ग्रामीण रमेश प्रसाद काला का कहना है कि 28 जुलाई 2022 को भारी बारिश के चलते सड़क का पुश्ता उनके मकान की गोशाला पर गिर गया, जिससे गोशाला के साथ ही आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है।

कहा कि उन्होंने स्थानीय प्रशासन से लेकर विधायक व सीएम तक को शिकायत की है, लेकिन संबंधित विभाग आज तक क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक नहीं करवा रहा है। जिससे उनके भवन को खतरा बना हुआ है। बताया कि उनकी पक्की गोशाला के ठीक पीछे लोनिवि श्रीनगर द्वारा मोटरमार्ग पर स्कबर बनाया गया है।

स्कबर व स्कपट के दोनो तरफ मोटरमार्ग पर लगे पुश्ते की लंबाई 12मीटर है जो कि 28 जुलाई 2022 की भारी बारिश से अभी तक क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है लेकिन आज तक संबंधित विभाग, जिला प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कहा कि सीएम से भी शिकायत करने के बाद आज तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिससे उनके आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। उन्होंने जल्द ही क्षतिग्रस्त पुश्ते को ठीक करने की मांग की है।

## कोटद्वार की बेटी मानसी घनशाला बनी फाइटर पायलट

**कोटद्वार:** बालासौड़ निवासी सेनि. प्रवक्ता श्रेष्ठमणि घनसाला और करूणा देवी घनशाला की बाईस वर्षीय पुत्री मानसी घनशाला ने एयर फोर्स में फाइटर पायलट बनकर क्षेत्र व अपने गांव का नाम रोशन किया है।

मूल रूप से विकास खंड पाबौ के ग्राम सांकरसैण निवासी मानसी का परिवार वर्तमान में कोटद्वार के बालासौड़ में रहता है। मानसी के पिता श्रेष्ठमणि घनसाला ने बताया कि तीन बहनों में सबसे छोटी मानसी बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल थी। उससे छोटा भाई भी एनडीए में चयनित होकर खड़गवासला पुणे, महाराष्ट्र में ट्रेनिंग कर रहा है। मानसी ने हाई


मानसी को फ्लाइंग पैज देते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

स्कूल परीक्षा 2017 में ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2019 में बलूनी पब्लिक स्कूल कोटद्वार से पास की। गणित आनर्स से स्नातक की परीक्षा खालसा कालेज दिल्ली से करने के साथ ही तीसरे साल में पहले ही प्रयास में एयर फोर्स कामन एडमिशन टेस्ट पास कर जुलाई 2022 में एयरफोर्स एकेडमी ज्वाइन की और कठिन परिश्रम कर आज वायु सेना में फाइटर पायलट बन आकाश की ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। बताया कि रविवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फाइटर पाइलट को फ्लाइंग बैज लगाये।

## भोजन पाक प्रतियोगिता में सीमा देवी रही अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी:** शिक्षा विभाग के पीएम पोषण प्रकोष्ठ पौड़ी द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) जनपद स्तरीय भोजनमाता पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी में किया गया। इस दौरान जिले के 12 ब्लाकों के स्कूलों से आई भोजनमाताओं ने स्थानीय उत्पाद बनाए।

प्रतियोगिता में द्वारीखाल ब्लाक की राप्रावि तोली की भोजनमाता सीमा देवी ने पहला, राप्रावि ल्वाली की बसंती देवी ने दूसरा व एकेश्वर ब्लाक की राप्रावि मासौ की कौशल्या देवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान हासिल करने वाली भोजनमाता राज्य स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। इस दौरान भोजनमाताओं को स्कूल में गुणवत्ता परक भोजन बनाने के साथ ही साफ सफाई आदि रखने की विस्तार से जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा सावेद आलम ने बताया कि स्कूलो में भोजनमाता को भोजन बनाते समय किन किन बातो का ध्यान रखना


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती भोजन माताएं

चाहिए कि जानकारी दी गई है। बच्चों के पोषण स्तर को बढ़ाने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। साथ ही स्थानीय उत्पादों को बनाने को लेकर भी जानकारी दी गई है। इस दौरान निर्णायक जिला अभिहित अधिकारी एएस रावत ने भी भोजनमाताओं को कई जानकारियां दी। विजेता भोजनमाताओं को मुख्यशिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्णायक सीमा चौहान, कार्तिक कुमार, प्रियांशु, रविंद्र रावत, नवीन डोभाल, हिमांशु, प्रमोद सिंह रावत, विमल नेगी आदि शामिल थे।

## राजेंद्र रावत के योगदान को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी: उमेश डोभाल ट्रस्ट एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के तत्वावधान में राजेंद्र रावत की 15वीं पुण्यतिथि पर राजेन्द्र रावत राजू स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेन्द्र रावत राजू को पुष्पांजलि अर्पित कर हमारे राजू भाई लघु फिल्म की प्रस्तुति से हुई।

गढ़वाली साहित्यकार वीरेंद्र पंवार ने राजेंद्र रावत को याद करते हुए उनको आम आदमी की आवाज बताया, कहा कि वो जनान्दोलनो से लेकर हर समस्या के मोर्चे पर जनता के साथ खड़े रहे। इस अवसर पर वीर चंद्र सिंह गढ़वाली व्याख्यान माला में मुख्यवक्ता सोशल एक्टिविस्ट अतुल सती ने पहाड़ में विकास की दशा, दिशा और चुनौतियां के विषय पर कहा कि विकास का मॉडल विनाश के तर्ज पर नहीं होना चाहिए। उत्तराखंड आंदोलन उत्तराखंड के विकास के लिए किया गया था ना कि विनाश के लिए। कहा कि प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बन रही सुरंगे बहुत खतरनाक है। समारोह में अशफ़ाक राम नाटक का मंचन भी हुआ। नाटक की परिकल्पना निर्देशन और एकल अभिनय शाहजहांपुर से रंगकर्मी मनीष मुनि द्वारा किया गया।

नाटक काकोरी कांड के नायकों पर आधारित था। इस दौरान राजेन्द्र रावत राजू स्मृति निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कारों का वितरण भी हुआ। प्रतियोगिता में रेशमा ने पहला, लक्ष्य कुमार ने दूसरा व रिया चौहान ने तृतीय, शुभम बिष्ट ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष विमल नेगी, आशीष नेगी, सुरेश नौटियाल, सुभाष चंद्र, ट्रस्टी रवि रावत रघुवीर सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह रावत, राम सिंह रावत, अशोक बौड़ाई, विकास बड़थ्वाल, अग्निमित्र रावत, मनोज रावत, यमुना राम, विनय शाह, जसपाल रावत आदि शामिल रहे।

## आईडीएफ ने उत्तरी गाजा अस्पताल से हथियार किए जब्त

**तेल अवीव ,एजेंसी।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल खुफिया एजेंसी शिन बेत के साथ उनके द्वारा किए गए संयुक्त छापे में उत्तरी गाजा अस्पताल से हथियार जब्त किए गए हैं और 90 हमास कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। आईडीएफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि पिछले कुछ दिनों में इजरायली बलों ने उत्तरी गाजा के कमल अदवान अस्पताल में लगभग 90 आतंकवादी गुर्गों को हिरासत में लिया था और कई हथियार जब्त किए थे।

460वीं बख्तरबंद ब्रिगेड और नौसेना की शायेटेट 13 कमांडो यूनिट के सैनिकों ने अस्पताल पर छापा मारा। इसमें कहा गया है कि हमास के गुर्गों के हथियार, जिनमें असॉल्ट राइफलें, आरपीजी, विस्फोटक उपकरण और सैन्य उपकरण शामिल हैं, जब्त कर लिए गए। बयान में यह भी कहा गया है कि शिन बेत और सैन्य खुफिया निदेशालय की यूनिट 504 ने अस्पताल के कर्मचारियों से पूछताछ की, जिन्होंने स्वीकार किया कि प्रसूति वार्ड में इनक्यूबेटरों के अंदर हथियार छिपे हुए थे। आईडीएफ ने कहा कि ब्रिगेड के सैनिकों ने घरों, स्कूलों और अन्य नागरिक स्थलों में छिपे हुए कई हथियार भी जब्त किए हैं और कहा कि उसके सैनिकों ने गाजा शहर के रिमल पड़ोस में दो स्कूलों पर छापा मारा, जहां हमास के कार्यकर्ता छिपे हुए थे। आईडीएफ ने कहा कि सैनिकों ने क्षेत्र में हमास के कई बंदूकधारियों से लड़ाई की और उन्हें मार डाला और स्कूल के अंदर कुछ ने सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में गिरा पारा, दिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू

**नईदिल्ली,एजेंसी ।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है. दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कड़ाके ठंड पड़ने लगी है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह के समय कोहरा छाने लगा है और लोग ठंड से कांपने लगे हैं. वहीं दक्षिण के राज्यों में बारिश का दौर अब भी जारी है. इसी बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से तमिलनाडु और केरल में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश की संभावना जताई है. इसके साथ ही लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और मुजफ्फराबाद में भी हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है. वहीं हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में आज (रविवार) भी बर्फबारी का अनुमान है. पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से राजधानी दिल्ली में पारा लगातार गिर रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक, आज (रविवार) को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री तक रहने का अनुमान है. आईएमडी के मुताबिक, 21 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट आएगी और ये गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस ।

## खड़गे ने 21 दिसंबर को सीडब्ल्यूसी की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** उत्तर भारत के तीन राज्यों– मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है।

सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है।

बैठक में 14 सांसदों – 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से सांसदों को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

19 दिसंबर को भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) ब्लॉक की बैठक निर्धारित की गई है।

पार्टी नेता ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पार्टी की रणनीति सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# तो क्या चुनावी मैदान में उतरने वाली हैं कंगना? नड्डा से मुलाकात ने बढ़ाई सियासी हलचल

**कुल्लू, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से रविवार को मुलाकात की। यह मुलाकात राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर शास्त्री नगर कुल्लू में हुई। नड्डा के साथ हुई इस मुलाकात ने कंगना रनौत का राजनीति में कदम रखने का संकेत दिया है। अब लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां भी लगभग शुरू हो गई हैं। ऐसे में दोनों के बीच हुई इस मुलाकात ने हिमाचल की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि भाजपा कंगना को मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतार सकती है।




जानकारी के अनुसार कंगना रनौत रविवार को भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके निवास स्थान शास्त्रीनगर कुल्लू में मिलने करीब साढ़े दस बजे पहुंची। इस दौरान दोनों के बीच करीब एक घंटे तक चर्चा हुई। बता दें कि बीते दिनों कंगना रनौत विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित सोशल मीडिया मीट के दौरान बिलासपुर आई थी। उसके बाद कंगना रनौत अपने मनाली घर पर वापस लौट गई थीं। जैसे ही उन्हें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने की जानकारी मिली तो वह उनसे मिलने उनके निवास स्थान शास्त्री नगर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों के बीच राजनीति को लेकर चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि कुछ समय से कंगना रनौत के मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं, कंगना भी लगातार भाजपा के तमाम बड़े नेताओं से अपना संपर्क बनाए हुए हैं। जहां बीते दिनों से कंगना देश के प्रधानमंत्री सहित बड़े नेताओं से मुलाकात कर रहीं हैं और बिलासपुर में हुए आरएसएस के कार्यक्रम में भी जिस तरह से कंगना ने अपनी भागीदारी जताई, उसके बाद से कंगना के मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चर्चाएं बढ़ गई हैं।

रविवार को भाजपा अध्यक्ष से हुई इस मुलाकात के बाद राजनीतिक चर्चाओं का माहौल अब और गर्म हो गया है। अब यह देखना होगा कि कंगना रनौत आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रत्याशी हो सकती हैं या भाजपा फिर लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें अपना ब्रांड एंबेसडर के तौर पर आगे ला सकती है।

## संसद में पहले आत्मदाह की थी प्लानिंग, सदन सुरक्षा सेंध प्रकरण में पांचों आरोपियों का पूछताछ में खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में दिल्ली पुलिस ने एक और आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल छह की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस बीच जांच टीम ने जले हुए मोबाइल के अवशेष, आरोपियों के कपड़े और जूते भी बरामद कर लिए हैं। महेश कुमावत को गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने कुमावत को सात दिनों को पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने 15 दिनों की रिमांड मांगी थी।

उधर, गिरफ्तार पांचों आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उन्होंने लोकसभा में कूदकर धुआं उड़ाने की योजना पर सहमति बनाने से पहले आत्मदाह करने और पर्चे बांटने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया था। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अब बीजेपी सांसद प्रताप सिम्हा का बयान भी दर्ज करेगी, जिनकी सिफारिश पर घुसपैठियों को संसद में प्रवेश का इजाजत मिली थी।


## प्रवासन यूरोप के देशों के लिए सबसे बड़ा खतरा : ऋषि सुनक

**लंदन ,एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि दुश्मन 'समाज को अस्थिर करने' के लिए जानबूझकर लोगों को अपने तटों पर लाने के लिए प्रवासन को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। अवैध आप्रवासन पर अपने सबसे मजबूत हमलों में से एक में, सुनक ने चेतावनी दी कि अगर इस मुद्दे के समाधान के लिए जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो प्रवासियों की बढ़ती संख्या यूरोपीय देशों पर भारी पड़ सकती है।सुनक ने इटली में इतालवी रूढ़िवादियों और दक्षिणपंथियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आपराधिक गिरोह हमारी मानवता का शोषण करने के सबसे घृणित तरीके ढूंढते हैं और उन्हें नावों पर बिठाकर लोगों की जान जोखिम में डालने में कोई समस्या नहीं होती है।अगर हम इस समस्या से नहीं निपटते हैं, तो संख्या केवल बढ़ेगी। यह हमारे देशों और उन लोगों की मदद करने की हमारी क्षमता को प्रभावित करेगी जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की सबसे ज्यादा जरूरत है।

# प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर बंधकों की रिहाई को लेकर बढ़ रहा दबाव, आईडीएफ ने गाजा पर तेज किए हमले

**तेल अवीव,एजेंसी।** इजरायल में सात अक्टूबर के हमलों के दो महीने बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित न होने के बढ़ते दवाब के बीच रविवार को गाजा पट्टी पर ताजा हमले किए गए। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को शनिवार को बंधकों के रिश्तेदारों के विरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने सेना द्वारा गाजा में तीन बंदियों को गलती से मारने की बात स्वीकार करने के बाद उनकी स्वतंत्रता को सुरक्षित करने के लिए तत्काल समझौते की मांग की। बंधक बनाए गए हैम पेरी की बेटी नोम पेरी ने विरोध प्रदर्शन में कहा, "हमें ध्यान में रखें और अब (बातचीत के लिए) एक योजना बनाएं।"

इस बीच नेतन्याहू ने शनिवार को अपने युद्ध प्रयास को दोगुना करते हुए तीन बंधकों की मौत के बारे में संवाददाताओं से कहा



"इसने मेरा दिल तोड़ दिया। इसने पूरे देश का दिल तोड़ दिया। गहरे दुख के साथ मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि अपहृत की वापसी और हमारे दुश्मनों पर जीत हासिल करने के लिए सैन्य दबाव आवश्यक है।" रविवार को गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार केंद्रीय शहर दीर अल–बलाह पर इजरायली हमलों में कम से कम 12 लोग मारे गए। चश्मदीदों ने गाजा पट्टी के दूसरे शहर खान यूनिस के पूर्व में बानी सुहैला की दक्षिणी नगर पालिका पर इजरायली हवाई और तोपखाने हमलों की भी सूचना दी।

इससे पहले कतर ने शनिवार को एक बयान में, "मानवीय विराम को नवीनीकृत करने के लिए चल रहे राजनयिक प्रयासों" की पुष्टि की। लेकिन हमास ने टेलीग्राम पर कहा कि वह "जब तक हमारे लोगों के खिलाफ आक्रमकता पूरी तरह से बंद नहीं हो जाती तब तक कैदियों की अदला–बदली के लिए किसी भी बातचीत के खिलाफ है"। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने शनिवार देर रात कहा कि वह वाशिंगटन की क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने की प्रतिबद्धताओं को उजागर करने के लिए इज़राइल, बहरीन और कतर की यात्रा कर रहे हैं।

# सुकमा में नक्सलियों और सीआरपीएफ जवानों के बीच मुठभेड़, सब इंस्पेक्टर शहीद, एक जवान घायल

**जगदलपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक उप निरीक्षक शहीद हो गया। वहीं एक अन्य जवान घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सुबह जगरगुंडा के अंतर्गत कैम्प बेंद्रे से केंद्रीय सुरक्षाबल के 165 बटालियन की कंपनी के जवान गश्त पर निकले थे। इसी के दौरान नक्ससलियों से मुठभेड़ हुई। करीबन एक घंटे तक दोनों तरफ से गोलीबारी हुई, जिसमें 165 बटालियन का केंद्रीय सुरक्षा बल के उप निरीक्षक सुधाकर रेड्डी शाहिद हो गए तथा केंद्रीय सुरक्षा बल का एक जवान रामु गोली लगने से घायल हो गया। घायल जवान को



प्राथमिक उपचार के लिए हेलीकाप्टर से ले जाया गया। आसपास के इलाके में सर्चिंग जारी है। वहीं कुछ संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार भी किया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुकमा जिले में नक्सल मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सुकमा जिले के जगरगुंडा में सीआरपीएफ के 165वीं बटालियन की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी आज शहीद हो गए जबकि एक जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री साय ने रेड्डी की शहादत को नमन करते हुए घटना पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति भी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने घटना में घायल जवान रामू के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। श्री रामू को उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया है।

## नागपुर में बड़ा हादसा, बारूद फैक्ट्री में विस्फोट होने से 3 महिलाओं समेत 9 लोगों की गई जान

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के शहर नागपुर के बाजारगांव स्थित एक बारूद कंपनी में रविवार को विस्फोट हो जाने से तीन महिला श्रमिकों सहित नौ लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप पखाले ने कहा कि विस्फोट के सही कारणों की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में से छह पुरुष तथा तीन महिलाएं हैं और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नागपुर में फैक्ट्री में हुए विस्फोट में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को पांच लाख रुपये की सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस और सभी संबंधित एजेंसियों को घायल व्यक्तियों को उत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

## वसुंधरा, शिवराज के साथ–साथ संसद से इस्तीफा देकर विधायक बने नेताओं को भी मिलेगी अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के चयन के साथ ही उन नेताओं के भविष्य को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं जिन्होंने पार्टी आलाकमान के आदेश पर विधान सभा का चुनाव जीतने के बाद संसद से इस्तीफा दे दिया था।दरअसल, भाजपा ने चुनावी रणनीति के तहत विधान सभा चुनाव में चार राज्यों में 21 सांसदों को मैदान में उतारा था, जिसमें से 12 सांसद विधायकी का चुनाव जीते थे। पार्टी आलाकमान के निर्देश पर इन सभी 12 सांसदों ने संसद से इस्तीफा देकर राज्य की राजनीति में सक्रिय होने को स्वीकार कर लिया। उस समय यह कहा गया था कि इनमें से कई मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं लेकिन ऐसा भी नहीं हुआ।

# सम्पादकीय

## सौर ऊर्जा भविष्य का विकल्प

उत्तराखंड में लगातार बढ़ रही विद्युत मूल्य की दरों में उपभोक्ताओं को कोई राहत मिलती हुई नजर नहीं आ रही है। कहने को उत्तराखंड के गठन के समय ऊर्जा प्रदेश की अवधारणा रखी गई थी लेकिन तमाम संसाधन होने के बावजूद भी उत्तराखंड के लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध नहीं है। एक बार फिर उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन बिजली के दरों में 23 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने जा रहा है क्योंकि अगले वर्ष 1 अप्रैल से प्रभावी होंगी। बिजली के मूल्य बढ़ाने के पीछे यूपीपीसीएल का बड़ा ही अजीब तर्क है और विभाग का कहना है कि बिजली की दरे बढ़ाने के पीछे करोड़ों की देनदारी और सेंट्रल पूल, एसजेवीएनएल, यूजेवीएनएल, टीएचडीसी, एनटीपीसी से महंगी बिजली मिलना है। इन परिस्थितियों में अब यह बेहद जरूरी हो गया है कि उत्तराखंड में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा मिले लेकिन इस दिशा में भी अब तक किए जा रहे अपेक्षित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम नहीं मिल पा रहे हैं। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाएं शुरू की है जिसके तहत सौर योजना शुरू की गई थी जिसमे 100 प्रोजेक्ट के सापेक्ष महज 150 से 200 छोटे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट ही लग पाए। बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना ऑन की तरफ देख तो इस क्षेत्र में भी कोई उत्साह जनक परिणाम नहीं मिले हैं। इन परिस्थितियों में उपभोक्ता यूपीसीएल से मिलने वाली महंगी बिजली पर ही निर्भर रहने को विवश है। जिन लोगों ने सौर ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाए उन्हें भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें सबसे प्रमुख दिक्कतें सौर ऊर्जा उत्पादन के बावजूद बिजली उत्पादन को समय से ग्रिड से नहीं जोड़ा गया, तो वही उत्पादित की गई बिजली प्रयोग ही नहीं हो पाई। उत्तराखंड बनने के बाद सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 20000 मेगावाट आंकी गई है लेकिन यह क्षमता भी 350 मेगावाट से ऊपर नहीं जा पाई। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान सरकार में अब बुनियादी स्तर पर प्रयास किया जा रहे हैं और सौर प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए बड़ी सुविधा देने की योजना बनाई गई है। हाल ही में संपन्न हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में ऊर्जा क्षेत्र में एक लाख करोड़ के निवेश पर करार हुआ है जिसमें उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) से 2030 तक विद्युत उत्पादन के लक्ष्य 2200 मेगावाट को और अधिक बढ़ाने पर कार्य किया जाएगा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि राज्य सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन की दिशा में आगे बढ़े। विद्युत दरों की लगातार बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने का एकमात्र समाधान सौर ऊर्जा उत्पादन ही है जिसे व्यापक तौर पर बढ़ावा देने की जरूरत है। सौर ऊर्जा उत्पादन को घर–घर और गांव–गांव तक जोड़ने के लिए यह जरूरी है कि इन प्रोजेक्ट की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और साथ ही जिन लोगों द्वारा छोटे सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाए गए हैं उन्हें समय से ग्रिड से जोड़ने की व्यवस्था निश्चित समय पर पूरी की जाए। आने वाला समय अब सौर ऊर्जा की ओर बढ़ने और परंपरागत संसाधनों से बिजली प्राप्त करने निर्भरता कम करने का है।

# इतिहास के निष्ठुर पन्ने और अभागे राहुल

**पंकज शर्मा**

अगर राहुल यह लक्ष्य आभासी–संसार में विचर रहे भोंदू–भोंपुओं, आंकड़ों की बाजीगरी कर रहे भाड़े के महंगे टट्टुओं और कागज़ी कारकूनी के अखिल भारतीय करतब में मशगूल बांसुरी वादकों के भरोसे करना चाहते हैं तो प्रभु उन की रक्षा करें! इसलिए कि उन की राजनीतिक रक्षा में आगे की पूरी पीढ़ी के सियासी मुस्तकबिल के प्राण बसे हैं। पिछले दो दशक की प्रयोगधर्मिता ने कांग्रेस की एक पूरी पीढ़ी को बदहाली के इस कगार पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस को आगामिक फटेहाली से महफ़ूज़ रखने के लिए सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े और राहुल गांधी को थोड़ा बेरहम होना पड़ेगा।



पांच में से तीन राज्यों में नरेंद्र भाई मोदी और अमित भाई शाह की भारतीय जनता पार्टी ने जैसे नतीजे हासिल किए हैं, कोई माने–न–माने, वे हैरतज़दा हैं, रहस्यमयी हैं और डरावने हैं। किसी की भी समझ में नहीं आ रहा है कि ये नतीजे अक्स हैं, चेहरा हैं या फिर आईना हैं? इस मोशा–बनैटी ने कांग्रेस को सुट्ट–अवस्था में ला दिया है। उसे समझ में ही नहीं आ रहा है कि अगर ज़मीनी हालात सचमुच ये थे तो फूं–फां कर रहे उस के ऐसे–ऐसे धुरंधर नेताओं को, उस के अंग्रेज़ीदां आंकड़े–विज्ञानियों को और उस से हमदर्दी रखने वाले बुद्धि–नरेशों को वे कहीं दिखाई क्यों नहीं दिए?

नतीजे आने के बाद वाले शनिवार तक हालांकि छह दिन बीत चुके थे, लेकिन मैं ने अपना यह स्तंभ उस दिन इसलिए जानबूझ कर नहीं लिखा कि मैं चाहता था कि चुनावों का ऐलान होने से नतीजे आने तक के पूरे पौने दो महीनों में अलग–अलग सामाजिक ताल–तलैयाओं के जिन सुधीजन, अलग–अलग वैचारिक मकडज़ालों से लिपटे सियासी दिग्गजों, अलग–अलग खेतों की मेड़ों पर मौजूद ज़मीनी तत्ववेत्ताओं और अलग–अलग रंगरोगन वाले हल्लाबोलू सूरमाओं से मेरी बातचीत होती रही थी, उन से नतीजे आने के बाद एक बार फिर बात कर लूं और तब कुछ कहूं।

सो, अब मैं खुल कर यह कहने की स्थिति में हूं कि इन चुनाव नतीजों ने कांग्रेस और विपक्ष को ही नहीं, भाजपा और उस के अभिभावक–संगठन को भी चौंकाया है। चुनावों के दौरान भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जिन बड़ी–छोटी अंतःपुरी–हस्तियों और मैदानी सेनानियों ने मुझ से कहा था कि छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में तो कांग्रेस की सरकारें बन रही हैं, वे अब भी अपने आकलन पर कायम हैं। उन के सार्वजनिक सुर भले ही बदल गए हैं, मगर निजी बातचीत में वे मानते हैं कि भाजपा की ऐसी छप्परफाड़ जीत की तो उन्हें दूर–दूर तक कोई उम्मीद नहीं थी। जब मैं ने उन में से कइयों से ईवीएम–भूमिका पर सीधे प्रश्न किए तो मैं चकित था कि एक ने भी ईवीएम की पवित्रता का दावा अपनी छाती ठोक कर नहीं किया।

कांग्रेस और विपक्ष की तरफ़ से ईवीएम के चरित्र पर लगाए जा रहे सांकेतिक लांछन तो मेरी समझ में आते हैं, लेकिन सत्तासीन समुदाय से संबद्ध संजीदा लोग भी जब अनौपचारिक बातचीत में ईवीएम की चारित्रिक शुचिता का हलफ़ उठाने से मैं ने कतराते देखे तो मेरी ऊहापोह कैसे नहीं बढ़ेगी? इसलिए कोई मुझ पर कुछ भी तोहमत लगाए, मैं मानता हूं कि इस बात की सचमुच छानबीन होनी चाहिए कि मतदाताओं के श्वेत–अश्वेत निर्णय को चुनींदा तरीके से अश्वेत–श्वेत करने वाला कोई जीवाणु कहीं किसी खोह में पालथी जमाए बैठने का माद्दा तो नहीं रखता है? दूर से यह बात भले ही दूर की कौड़ी लगती हो, मगर क्या यह आरज़ू रखना भी कोई हिमाकत है कि अगर हम सब ज़रा करीब जा कर देखें तो भी हमें ईवीएम वैसी ही मल्लिका–ए–हुस्न नज़र आए, जैसी दूर से आती है? किसी भी हुकूमत के बारे में यह राय क्यों बनने देनी चाहिए कि वह शक़–शुबहों की पड़ताल करने से बचने की कोशिश करती है? हमारे निर्वाचन आयोग के बारे में यह धारणा क्यों बनने देनी चाहिए कि वह शिकायतों की जांच से आंखे चुराता है? मुल्क़ की सब से आला अदालत के बारे में यह नज़रिया क्यों बनने देना चाहिए कि उस के फ़ैसले शायद कुछ दबावों से प्रभावित होते हैं? ठीक है कि अयोध्या में श्रीराम के भव्य मंदिर की स्थापना के पौने दो महीने पहले वैसा रामराज्य अभी स्थापित नहीं हुआ कि कोई भी धोबी उठ कर कुछ कह दे और सीता को अग्निपरीक्षा देनी पड़ जाए। मगर गहराते कुहासे को छांटने के लिए ज़रूरी न्यूनतम उपाय खोजने जितना रामराज्य अगर नरेंद्र भाई के राज में आ भी जाए तो हर्ज़ क्या है? वैसे तो ईवीएम की लंपटता अभी प्रमाणित नहीं है और ईश्वर न करे कि हमें कभी उस के छिनालत्व से रू–ब–रू होने का दृश्य देखना पड़े, मगर ईवीएम के नैनमटक्के का बहाना ले कर कांग्रेस और बाकी विपक्ष को उन की ज़िम्मेदारी से पूरी तरह मुक्त कर देने को भी मैं तो तैयार नहीं हूं। अगर हम मान भी लें कि विधानसभा के इन चुनावों में कांग्रेस की इस जूताखाऊ पराजय के पीछे कोई काला जादू है तो भी ऐसी कांग्रेस को कोई कब तक झेले, जिसे अपनी पीठ के ऐन पीछे की, आहट तो छोड़िए, महानाद तक सुनाई नहीं देता है? मुझे तो कभी–कभी लगता है कि राहुल गांधी कैसे अभागे हैं कि उन्हें ऐसी कांग्रेस की रहनुमाई करनी पड़ रही है, जिस में कुछ को छोड़ कर कोई उन का सगा नहीं है! वे इतने भले और भोले क्यों हैं कि उन्हें यह तक पता नहीं चलता है कि कौन–कौन कितने–कितने साल से उन से मिलने की कोशिश कर रहा है और मिल नहीं पा रहा है? आखिऱ राहुल खुद भी ऐसी कांग्रेस को कैसे झेल रहे हैं?

कांग्रेस–अध्यक्ष के पद पर मल्लिकार्जुन खडग़े की औपचारिक उपस्थिति अपनी जगह है, लेकिन इस से राहुल की जवाबदेही कम नहीं हो जाती है। उलटे वह इसलिए और बढ़ जाती है कि पार्टी–संगठन की केंद्रीय भूमिका में निन्यानबे प्रतिशत लोग वे हैं, जिन्हें राहुल ने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में नियुक्त किया था। इसलिए कांग्रेस की कामयाबियों का श्रेय खडग़े को भले न मिले, पार्टी की नाकामियों का ठीकरा राहुल के सिर पर ज़रूर फूटता रहेगा। वे इसी के लिए शापित हैं। सो, जितनी जल्दी वे सांगठनिक संरचना के लिए बेहिचक ताल ठोकेंगे, उन के लिए उतना ही बेहतर होगा। ईवीएम पर संदेह जायज़ हैं, मगर आकाशीय शीर्ष नेतृत्व और पार्टी के धरतीधरों के बीच अड़े खड़े द्वारपालों की भूमिकाओं पर संदेह भी उतने ही जायज़ हैं। 2024 के कुरुक्षेत्र में सलीके से उतरने के लिए खडग़े–राहुल को इन दोनों ही पहलुओं पर निग़ाह रखनी होगी। नहीं तो कांग्रेस की रही–सही आबरू भी आते बरस की लू के थपेड़ों में लुट जाएगी।मैं नहीं जानता कि खडग़े–राहुल–प्रियंका की त्रयी 2024 में कांग्रेस को लोकसभा में किस आंकड़े तक पहुंचा पाएगी। मैं यह भी नहीं जानता कि मोशा–तंत्र में इंडिया समूह के राजनीतिक दलों के दीन–ईमान को डिगाने लायक कूवत है या नहीं। मगर मैं इतना ज़रूर जानता हूं कि अगर कांग्रेस और सकल विपक्ष ने सलाहियत से काम लिया तो, बावजूद ताजा चुनाव परिणामों के, भारतीय संविधान की स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था में नरेंद्र भाई को इस बार स्पष्ट बहुमत हासिल करने से काफी पहले रोक देने के अंकुर छिपे हुए हैं।लेकिन अगर राहुल यह लक्ष्य आभासी–संसार में विचर रहे भोंदू–भोंपुओं, आंकड़ों की बाजीगरी कर रहे भाड़े के महंगे टट्टुओं और कागज़ी कारकूनी के अखिल भारतीय करतब में मशगूल बांसुरी वादकों के भरोसे करना चाहते हैं तो प्रभु उन की रक्षा करें!

# भाजपा के समीकरण

दिग्गज और जनाधार वाले नेताओं को दरवाजा दिखा दिया गया है। यह इस बात का संकेत है कि पार्टी पर अब नरेंद्र मोदी–अमित शाह का समग्र नियंत्रण है। बाकी नेताओं के सत्ता के स्रोत भी यही दो शख्सियतें हैं। तीन राज्यों के मुख्यमंत्री का चयन करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीन दिन तक देश को चौंकाया।

पार्टी ने ऐसे नाम चुने, जिनके बारे में उन राज्यों के बाहर कम ही जाना जाता था। इसके साथ ही पार्टी ने हर प्रदेश में दो उप–मुख्यमंत्री और विधानसभा स्पीकर के नाम का एलान भी किया। इस पर जोर डाला गया कि किस तरह हर राज्य में इन चार पदों पर जातीय समीकरण बैठाया गया है। गौरतलब है कि भाजपा ने स्पीकर पद को भी अपनी इस राजनीति का हिस्सा बना लिया है– जबकि संसदीय व्यवस्थाओं में आम तौर पर स्पीकर को निष्पक्ष नजरिए से देखा जाता है। कभी परंपरा भी थी कि स्पीकर चुने गए नेता अपनी पार्टी से इस्तीफा दे देते थे। लेकिन भाजपा के मोदी काल में ये बातें अपना मतलब खो चुकी हैं। बहरहाल, जातीय समीकरण के साथ–साथ भाजपा नेतृत्व ने नए नामों के साथ पार्टी के अंदरूनी समीकरण भी बदल दिए हैं। दिग्गज और जनाधार वाले नेताओं को दरवाजा दिखा दिया गया है। यह इस बात का संकेत है कि पार्टी पर अब नरेंद्र मोदी–अमित शाह का समग्र नियंत्रण है। बाकी नेताओं के सत्ता के भी स्रोत यही दो शख्सियतें हैं। जिन्हें भाजपा में रहना है, उन्हें यह हकीकत स्वीकार करनी होगी। जाहिरा तौर पर मोदी की यह हैसियत इसलिए बनी है कि देश के शासक वर्ग में अपनी वैसी स्वीकार्यता बना सके हैं, जिससे इस तबके का हित उनके सत्ता में बने रहने से जुड़ गया है।

नतीजतन, भाजपा के लिए धन और प्रचार तंत्र की कोई कमी नहीं है। चूंकि यह सब उपलब्ध है, इसलिए भाजपा चुनावों में अपनी तरफ झुके धरातल के साथ उतरती है और अक्सर अपने विरोधियों को परास्त कर देती है। लगभग सारे चुनाव मोदी के नाम पर लड़े जाते हैं। रणनीति केंद्रीय नेतृत्व ही तय करता है। तो स्वाभाविक है कि पार्टी के अंदर प्रधानमंत्री की इच्छा सर्वोपरि हो गई है। जब देश लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हो रहा है, तब भाजपा अपने ऐसे अंदरूनी और बाहरी समीकरणों के साथ फिलहाल अपराजेय अवस्था में खड़ी नजर आ रही है। आज के भारत की यही हकीकत है।

# लोकसभा के उपचुनाव क्यों नहीं कराए गए?

लोकसभा की चार सीटें खाली हैं और चुनाव आयोग ने उन पर उपचुनाव नहीं कराए। क्यों नहीं कराए इसका बहुत अजीब सा जवाब चुनाव आयोग के पास है, जो उसने बॉम्बे हाई कोर्ट में दिया। बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुणे लोकसभा सीट को लेकर चुनाव आयोग पर बहुत सख्त टिप्पणी की है। पुणे की सीट भाजपा के सांसद गिरीश बापट के निधन से खाली हुई थी। बापट का निधन इस साल 29 मार्च को हुआ था। यानी जब उनके निधन से सीट खाली हुई तब उस सीट का कार्यकाल एक साल से ज्यादा बचा हुए था। फिर भी चुनाव आयोग ने उप चुनाव नहीं कराया। अब जबकि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने में चार महीने का समय बचा है और लोकसभा का कार्यकाल भी छह महीने से कम का रह गया है तो बॉम्बे हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग को सख्ती के साथ कहा है कि वह पुणे सीट पर जल्दी से जल्दी उपचुनाव कराए।

चुनाव आयोग इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी। सर्वोच्च अदालत से इस मामले में राहत मिल जाएगी और उपचुनाव नहीं कराना होगा लेकिन सवाल तो वहां भी पूछा जाएगा कि जब 29 मार्च को सीट खाली हुई तो उपचुनाव क्यों नहीं कराया गया? क्या वहां भी आयोग का यही तर्क होगा कि उसकी पूरी मशीनरी मार्च 2023 से ही 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में बिजी थी इसलिए उपचुनाव नहीं कराए गए? जस्टिस गौतम एस पटेल और जस्टिस कमल आर खाटा की बेंच ने इस तर्क को अजीबोगरीब माना है और बहुत सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि किसी भी क्षेत्र को बिना प्रतिनिधित्व के नहीं छोड़ा जा सकता है। अदालत ने यहां तक कहा है कि यह पूरे संवैधानिक ढांचे को तहस–नहस करने जैसा है कि किसी क्षेत्र को बिना प्रतिनिधि के छोड़ दिया जाए।

सोचें, चुनाव आयोग के इस तर्क पर कि उसकी पूरी मशीनरी एक साल से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में बिजी है इसलिए पुणे लोकसभा सीट पर उपचुनाव नहीं कराए गए! पता नहीं अदालत के संज्ञान में यह बात लाई गई या नहीं कि चुनाव आयोग ने पुणे का चुनाव नहीं कराया लेकिन उसके बाद पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए और अनेक राज्यों में उपचुनाव हुए। मई में पंजाब की जालंधर लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराया। उसके साथ ही ओडिशा, उत्तर प्रदेश और मेघालय में तीन विधानसभा सीटों पर भी उपचुनाव कराया। मई के बाद अगस्त में चुनाव आयोग ने झारखंड, केरल, पश्चिम बंगाल सहित छह राज्यों में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराया। नवंबर में नगालैंड की एक सीट पर उपचुनाव हुआ। क्या तब चुनाव आयोग की मशीनरी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में बिजी नहीं थी? महाराष्ट्र की पुणे सीट के अलावा देश में तीन और लोकसभा की सीटें खाली हैं। भाजपा के रतनलाल कटारिया के निधन से अंबाला सीट और कांग्रेस के बालूभाऊ नारायणराव धनोरकर के निधन से चंद्रपुर सीट खाली है, जबकि अफजल अंसारी को सजा होने की वजह से उत्तर प्रदेश की गाजीपुर सीट खाली है।

# फरकंडे गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



चमोली। गैरसैंण। गैरसैंण के फरकंडे गांव पहुंचनें पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर काबीना मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी ने ग्रामीणों का राज्य एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मुहैया करायी। इस अवसर पर प्रमुख शशि सौरियाल, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हीरा फनियाल, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष गजेन्द्र रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की शपथ भी दिलायी गयी। वहीं दूसरी ओर देवलकोट न्याय पंचायत के ऐरौली ग्राम पंचायत में दर्जाधारी रमेश गडिया एवं प्रधान माहेश्वरी देवी ने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# रुद्रप्रयाग–तूना बौंठा मोटर मार्ग की हालत खराब

रुद्रप्रयाग। नगर मुख्यालय को धनपुर क्षेत्र को जोड़ने वाला प्रमुख मोटर मार्ग जानलेवा बना है। एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाला रुद्रप्रयाग–तूना–बौंठा मोटरमार्ग में पूरा डामर उखड़ गया है जबकि मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे बने है। नालियों का निर्माण न होने से पानी सड़ पर बह रहा है। इससे स्थानीय जनता, व्यापारी एवं स्कूली छात्र–छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई दुपहिया वाहन सवार भी यहां चोटिल हो रहे हैं।

जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग के बस अड्डे से मुख्यालय की बड़ी आबादी वाले क्षेत्र धनपुर को जोड़ने वाला मोटर मार्ग बदहाल स्थिति में है। कुछ महीने पूर्व मोटर मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण हटाया गया किंतु मोटर मार्ग का सुधारीकरण नहीं हो पाया है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि मोटर मार्ग का सुधारीकरण जरूरी है। मोटरमार्ग से आए दिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होती रहती है किंतु आज भी मोटर मार्ग दुर्घटना को न्यौता दे रहा है। मोटरमार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे पड़े होने के साथ ही वर्षा पहले लगा डामर भी उखड़ गया है। इतना ही नहीं नालियां न होने से गंदा पानी मोटरमार्ग के बीच में बह रहा है। जिपंस नरेन्द्र सिंह बिष्ट, स्थानीय निवासी कुलदीप कप्रवाण, शैलेन्द्र नौटियाल, अरविंद सेमवाल, व्यापार संघ अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत कराते–कराते थक चुके हैं, किंतु कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। आए दिन यहां कई दुपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। बावजूद विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। पीएमजीएसवाई के ईई ओम गुप्ता बताया कि मोटरमार्ग के सुधारीकरण को लेकर शासन को करीब दो करोड़ का एस्टीमेट भेजा गया है। वित्तीय स्वीकृति मिलने के बाद 9 किमी मोटरमार्ग की स्थिति को सुधारा जाएगा।

## सिमली में खतरे का सबब बना ट्रांसफार्मर

चमोली। सिमली कस्बे में जीआईसी के समीप लगा विद्युत ट्रांसफार्मर खतरे का सबब बना है। स्थानीय हरीश चंद्र, मनोज कुमार, महेश चंद्र, दीप चंद्र, संजय कुमार आदि ने कहा कि निगम ने ट्रांसफार्मर के बाहर सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए हैं। जिससे यहां खतरा बना है। स्थानीय लोगों ने निगम से जल्द सुरक्षा इंतजाम किए जाने की मांग की है।

# सड़क किनारे वॉल पेंटिंग से सज रहा रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग(आरएनएस)। बीते कुछ दिनों से प्रशासन ने नगर रुद्रप्रयाग की सूरत बदलनी शुरू कर दी है। मुख्यालय का बाजार सुंदर और आकर्षक बने इसके लिए हर तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन ने अब, जवाड़ी बाईपास से वॉल पेंटिंग का काम शुरू कर दिया है। दीवारों पर गाय, नंदी सहित कई आकृतियां उकेरी जा रही है जिससे नगर और भी सुंदर दिखने लगा है। जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार नगर को सुंदर बनाने के साथ ही यहां बुनियादी सुविधाएं जुटाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। एक ओर नगर में पार्किंग के लिए जगह चयनित की जा रही है वहीं नगर में बाजार में रौनक बढ़े, व्यापारियों का कारोबार अच्छा होने के साथ ही यात्रा सीजन में यात्रियों को अच्छी सुविधाएं मिले इसके प्रयास किए जा रहे हैं। जवाड़ी बाईपास से वॉल पेंटिंग का काम शुरू कर दिया गया है। जबकि कई जरूरी कार्य किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा बीते दिन नगर का निरीक्षण भी किया गया जिसमें उन्होंने खामियों को दूर करने के लिए नगर पालिका और पुलिस को निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क में अतिक्रमण कर नाली के ऊपर सामान न लगाया जाए। साथ ही अनियोजित वाहन और जंक खा चुके वाहनों को हटा दिया जाए। इधर, विश्व अखाड़ा परिषद (गौ रक्षा विभाग) ने नगर पालिका प्रशासक/एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नगर दीवारों पर पेंटिंग में गाय और नंदी की आकृतियां उकरने के साथ ही अलाव की मांग की। जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई है। गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी एवं कोषाध्यक्ष संदीप कप्रवाण ने प्रशासन का आभार जताया।

## छात्र–छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

चमोली। जीआईसी गोपेश्वर के व्यावसायिक शिक्षा (ऑटोमोटिव) के छात्र–छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के तहत ओटोमोबाइल सेंटर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों को वाहनों के इंजन, सर्विसिंग और बिक्री के बारे में बताया गया। रोहन मोटरर्स के कर्मी हर्षवर्द्धन, आशीष और मातवर सिंह ने छात्र–छात्राओं को वाहनों के इंजन संचालन के बारे में बताया। शिक्षक जयदीप कंडेरी, हरेंद्र सिंह और गौरव पुरोहित के नेतृत्व में 75 छात्र–छात्राओं ने वाहनों की बिक्री से लेकर संचालन तक की जानकारी दी।

# पुनाड़ पांडव चौक में पांडव नृत्य देखने उमड़ी लोगों की भीड़

रुद्रप्रयाग। पांडव नृत्य एवं शिव समिति के सहयोग से जिला मुख्यालय स्थित पुनाड़ में चल रहे पांडव नृत्य में प्रतिदिन दर्शकों को भीड़ उमड़ रही है। पांडव पश्वा अस्त्र–शस्त्रों के साथ नृत्य कर दर्शकों को आनंदित कर रहे है। 25 दिसम्बर को मोरी डाली कौथिग के साथ पांडव नृत्य का विधिवत समापन होगा। बीते 4 दिसम्बर से पुनाड पांडव चौक में पांडव नृत्य का आयोजन शुरू किया गया। जबकि 8 दिसम्बर को अस्त्र–शस्त्रों के साथ पांडवों ने नृत्य शुरू किया था।

प्रतिदिन सैकडों की संख्या में दर्शक पहुंचकर पुण्य अर्जित कर रहे है। रविवार को भूमियाल देवताओं के स्मरण के बाद ढोल वादकों ने हनुमान, भीम, श्रीकृष्ण, युधिष्ठिर, अर्जुन, नागमल, नकुल, सहदेव व द्रोपती के पश्वाओं को जागृत किया। जिसके बाद पांडव पश्वों ने बाणों के साथ अपने अस्त्र शस्त्रों के साथ नृत्य किया। लगभग दो घंटे तक चले पांडव नृत्य में पांडवों ने लोगों को खूब आनंदित किया। इस दौरान हनुमान का पश्वा भी अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। प्रतिदिन दिन एवं रात दोनों समय पांडव अस्त्र शस्त्रों के साथ नृत्य कर रहे है। क्षेत्रीय लोगों को धार्मिक अनुष्ठान को लेकर खासा




उत्साहित है। और इस कार्यक्रम सफल बनाने में अपनी अह्‌ भूमिका निभा रहे है। पांडव नृत्य एवं शिव समिति के अध्यक्ष प्रकाश गोस्वामी, सचिव सुनील नौटियाल एवं कोषाध्यक्ष विक्रम कप्रवाण ने बताया कि पांडव नृत्य में 22 दिसम्बर को पहला सिरोता, 23 दिसम्बर को पांडवों का गंगा स्नान, 24 दिसम्बर को दूसरा सिरोता हाथी पूजन व पांडवों की केदारनाथ यात्रा तथा 25 दिसम्बर को मोरी डाली कौथिग के साथ पांडव नृत्य का समापन किया जाएगा। उन्होंने ने नगर की समस्त जनता से अधिक से अधिक संख्या में पांडव नृत्य देखने के लिए पांडव चौक आने का आह्वान किया है।

# खेल महाकुंभ में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

रुद्रप्रयाग। जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ के अन्तिम दिन विभिन्न आयु वर्ग की बॉक्सिंग, कराटे, फुटबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। खेल मैदान अगस्त्यमुनि में स्थित इण्डोर स्टेडियम में आयोजित बॉक्सिंग की अण्डर 14 आयु वर्ग में (40 से 42 किग्रा) के बालक वर्ग में अगस्त्यमुनि न्याय पंचायत के ओम आर्य प्रथम, विपिन कुमार द्वितीय तथा आरूष तृतीय, बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि की भूमिका पन्रथम, अनाध्या द्वितीय एवं मनीषा तृतीय स्थान पर रही। ताइक्वांडो अण्डर 14 आयु वर्ग में (37 से 41 किग्रा) के बालक वर्ग में अगस्त्यमुनि विपिन कुमार प्रथम, अन्शुल द्वितीय तथा आदित्य सिंह तृतीय, बालिका वर्ग में (29 से 33 किग्रा) अगस्त्यमुनि की शालिनी राणा प्रथम, 33 से 37 किग्रा वर्ग में वंशिका कपरवाण ने प्रथम स्थान पाया।

फुटबॉल बालक वर्ग के अण्डर 19 आयु वर्ग में उखीमठ ने प्रथम, अगस्त्यमुनि ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। अण्डर 17 बालिका वर्ग में अगस्त्यमुनि ने प्रथम तथा एपीएस गंगा नगर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कराटे बालक वर्ग के अण्डर 14 आयु वर्ग (35 किग्रा) में अगस्त्यमुनि के वैभव गुसाई प्रथम, मयंक रावत द्वितीय तथा सत्यम रमोला तृतीय, बालिका वर्ग (50 किग्रा) में अगस्त्यमुनि की भूमिका ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय तथा राखी ने तृतीय, (48 किग्रा)में आदिति पाण्डेय ने प्रथम, मोनिका नेगी ने द्वितीय तथा सोनिका नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग (55 किग्रा) आयुष नेगी प्रथम, सागर नेगी द्वितीय तथा आदित्य राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कबड्डी एसोसियेशन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह रौथाण ने कहा कि खेल में हार जीत से अधिक महत्व प्रतिभाग करने का होता है। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि राइंका अगस्त्यमुनि के प्रधानाचार्य हरेन्द्र बिष्ट ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी शरत सिंह भण्डारी ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत सात दिनों से चल रहा खेल महाकुम्भ का आज समापन हुआ है। उन्होंने इन सात दिनों तक प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्व सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न व्यायाम शिक्षकों एवं अन्य खेल प्रशिक्षकों का आभार जताया। साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने पर सभी सहयोगियों का भी आभार जताया। इस अवसर पर सभी सहयोग कर्ताओं को विभाग द्वारा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता गंगाराम सकलानी ने किया।

इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उखीमठ के मनोज बजरियाल, अगस्त्यमुनि की राधिका, खेल प्रशिक्षक दीपक रावत, मनवर नेगी, चन्द्रमोहन उखियाल, विजय रावत सहित विभिन्न विद्यालयों के व्यायाम प्रशिक्षक एवं पीआरडी के जवान मौजूद थे।

# अगस्त्यमुनि में खुला महर्षि अगस्त्य योग सेंटर

रुद्रप्रयाग। लोगों का स्वास्थ्य बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पंचायत अगस्त्यमुनि में महर्षि अगस्त्य योगा सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर योग की व्यापक जानकारी दी गई साथ ही निरोग रहने के लिए ऋषि–मुनियों द्वारा प्रतिपादित योग साधना का व्यापक लाभ लेने का आह्वान किया गया। मंदाकिनी घाटी में बीते लंबे समय से योग का प्रशिक्षण दे रहे योग प्रशिक्षक आशीष बर्त्वाल और देवकीनंदन बमोला इस संस्थान के संस्थापक है। अगस्त्यमुनि नगर के लोगों की मौजूदगी में भरकेश्वर महादेव मंदिर के श्री महंत स्वामी अमृतानंद महाराज द्वारा योगा सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि हरेन्द्र बिष्ट ने कहा योग भारत की पुरातन पहचान है, जिससे मानसिक और शारीरिक लाभ मिलते है, निश्चित ही यह सेंटर आमजन में योग सीखने की ललक पैदा करेगा। डा जगदम्बा सकलानी ने कहा योग ही ऐसा माध्यम है जिससे मन, बुद्धि और स्वस्थ्य को संतुलित किया जा सकता है। समाजसेवी चंद्र सिंह नेगी ने योगा संचालकों का आभार जताया। योग प्रशिक्षक आशीष बर्त्वाल और देवकीनंदन बमोला ने कहा कि सेंटर में नियमित योगा कक्षाएं चलाई जाएंगी,योग शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक श्रीनंद जमलोकी, कनिष्ठ प्रमुख रमेश बेंजवाल, व्यापार संघ महासचिव त्रिभुवन नेगी, श्री अगस्त्य रामलीला कमेटी अध्यक्ष सुशील गोस्वामी, वरिष्ठ व्यापारी मोहन रौतैला, कैलाश बेंजवाल, प्रधानाचार्य राइजिंग इरा एकेडमी सोहन सिंह बिष्ट, राजेन्द्र सिंह बर्त्वाल, सुधीर बर्त्वाल, जनार्द्धन बमोला, उमेश भट्ट, देवेन्द्र रावत, उमा बमोला, सपना बर्त्वाल, रीना बमोला, शकुंतला रौथाण समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

# अर्शदीप—आवेश ने बरपाया कहर, बल्ले से साई सुदर्शन और अय्यर ने लूटी महफिल




नई दिल्ली। वनडे सीरीज का आगाज टीम इंडिया ने शान के साथ किया है। केएल राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को पहले वनडे मुकाबले में 8 विकेट से हार का स्वाद चखाया। अर्शदीप और आवेश खान के आगे मेजबान टीम के बल्लेबाजों की एक नहीं चली और पूरी टीम महज 116 रन बनाकर ढेर हो गई। डेब्यूटेंट साई सुदर्शन और श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने 117 रन के लक्ष्य को 16.4 ओवर में 2 विकेट खोकर आसानी से हासिल कर लिया।

**सुदर्शन—अय्यर का बोला बल्ला**

117 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। रुतुराज गायकवाड़ महज 5 रन बनाकर चलते बने। हालांकि, इसके बाद श्रेयस अय्यर और वनडे क्रिकेट में अपना डेब्यू कर रहे साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 88 रन जोड़े। अय्यर ने 45 गेंदों पर 52 रन की आतिशी पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान अय्यर ने 6 चौके और एक सिक्स जमाया। वहीं, साई सुदर्शन 55 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाकर लौटे।

**बुरी तरह फ्लॉप साउथ अफ्रीका का बैटिंग ऑर्डर**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साउथ अफ्रीका का फैसला एकदम गलत साबित हुआ। रीजा हेंड्रिक्स को अर्शदीप ने बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई। वहीं, रेसी वेन डर डुसेन भी जीरो पर चलते बने। टोनी दे जोरजी 28 रन बनाने के बाद अर्शदीप सिंह का तीसरा शिकार बने। कप्तान एडम मार्करम भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हुए।

हेनरिक क्लासेन ने साउथ अफ्रीका की डूबती नैया को पार नहीं लगा सके और सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हुए। डेविड मिलर को 2 रन के स्कोर पर आवेश खान ने चलता किया। साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 27.3 ओवर में महज 116 रन बनाकर ऑलआउट हुई।

**अर्शदीप—आवेश ने बरपाया कहर**

गेंदबाजी में भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और आवेश खान ने जमकर कहर बरपाया।

अर्शदीप ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट अपने नाम किए। अर्शदीप वनडे क्रिकेट में साउथ अफ्रीका की धरती पर पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बने।

वहीं, आवेश ने भी घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 27 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 1—0 की बढ़त हासिल कर ली है।

# फिल साल्ट का शतक, इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया




सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा), सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने पहला नाबाद टी—20 शतक जमाया, जबकि युवा हैरी ब्रूक की छोटी लेकिन विस्फोटक पारी ने इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी—20 सीरीज में 2—1 से बढ़त दिला दी।

निकोलस पूरन ने 45 गेंदों में 82 रनों का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिसके बाद वेस्टइंडीज ने जीत के लिए 223 रनों का बड़ा लक्ष्य इंग्लैंड के सामने रखा था। साल्ट ने सिर्फ 56 गेंदों में नाबाद 109 रन बनाए और 51 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान जोस बटलर के साथ पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन जोड़े। बटलर और जैक के जल्दी आउट होने के बावजूद साल्ट क्रीज पर जमे रहे। फिर, लिविंगस्टोन (18 गेंदों पर 30) के साथ मिलकर दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 34 गेंदों पर 70 रन जोड़े। बाद में, ब्रुक ने आंद्रे रसेल के खिलाफ अंतिम ओवर में 24 रन बनाए और केवल सात गेंदों पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे और इंग्लैंड को एक गेंद शेष रहते हुए जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में वेस्टइंडीज के खिलाफ उनका सबसे सफल लक्ष्य भी है। इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाये। ग्रेनाडा में मैच का कुल स्कोर 448 रन था, जो पुरुषों के टी20 के इतिहास में नौवां सबसे बड़ा स्कोर भी था। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज अब क्रमशः 19 और 21 दिसंबर को अंतिम दो टी20 के लिए त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा करेंगे।

# बांग्लादेश के खिलाफ टी 20 सीरीज में कप्तानी करेंगे केन विलियमसन



नेपियर,बांग्लादेश के खिलाफ 27 दिसंबर से शुरू होने वाली टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो चुका है। साथ ही केन विलियमसन की कप्तान के रूप में वापसी हुई है।विलियमसन ने आखिरी बार नवंबर 2022 में भारत के खिलाफ टी20 मैच खेला था और वह घुटने की सर्जरी से उबरने के कारण इंग्लैंड में इस साल की श्रृंखला सहित प्रारूप में हालिया असाइनमेंट से चूक गए थे। विलियमसन के अलावा, जिमी नीशम और बेन सियर्स भी इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से चूकने के बाद टी20 टीम में लौट आए हैं।सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे के चयन पर विचार नहीं किया गया। इस साल भारी कार्यभार के बाद वह आराम की अवधि पर हैं। चोट के कारण माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी और हेनरी शिप्ले बाहर हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने श्रृंखला के लिए चयन के लिए खुद को बाहर रखा। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला अगले साल 4—30 जून तक वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए टीम की तैयारी की शुरुआत है।

स्टीड के साथ नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची और गेंदबाजी कोच के रूप में कैंटरबरी मेन्स डेवलपमेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स शामिल होंगे, साथ ही समूह को एनजेडसी हाई परफॉर्मेंस नेटवर्क कोच डीन ब्राउनली से भी सहायता मिलेगी। 27 दिसंबर को मैकलीन पार्क में शुरू होने वाली श्रृंखला से पहले ब्लैककैप्स टी20 टीम नेपियर में बॉक्सिंग डे पर इकट्ठा होगी, इससे पहले कि टीमें 29 और 31 दिसंबर को नए साल में होने वाली श्रृंखला के अंतिम दो मैचों के लिए टौरंगा के बे ओवल में जाएंगी।टी—20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीमः केन विलियमसन (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सेंटनर, बेन सीयर्स, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी और टिम साउथी।

# विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा पाकिस्तान



पर्थ, पाकिस्तान मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा। माना जा रहा है कि यह अंतिम समय में की गई व्यवस्था है।

दो दिवसीय मैच सेंट किल्डा के जंक्शन ओवल में खेला जाएगा और इसे प्रथम श्रेणी का दर्जा नहीं मिलेगा।

पाकिस्तान की टीम 19 दिसंबर को मेलबर्न में उतरेगी और 20 दिसंबर को आराम का दिन होगा। पाकिस्तानी टीम गुरुवार को प्रशंसकों के लिए अपना प्रशिक्षण सत्र खोलेगी, जिससे उन्हें अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को एक्शन में देखने का मौका मिलेगा। पाकिस्तान ने सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है।

इसके बाद मेहमान टीम क्रमशः 22 और 23 दिसंबर को विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी, जिसने अभी तक अपनी टीम की घोषणा नहीं की है। 24 दिसंबर को पाकिस्तानी खिलाड़ी 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन एमसीजी में अपना प्रशिक्षण फिर से शुरू करने से पहले ब्रेक लेंगे।इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेलने के बाद थोड़े समय के ब्रेक के लिए अपने—अपने गृह शहरों में चले जाएंगे। उनके एमसीजी में आगामी टेस्ट की तैयारी के लिए प्रशिक्षण सत्र के लिए 22 और 23 दिसंबर को मेलबर्न में फिर से जुटने की उम्मीद है।

पाकिस्तान टीमः शान मसूद (कप्तान), आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन अली, इमाम—उल—हक, खुर्रम शहजाद, मीर हमजा, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नोमान अली, सईम अयूब, सलमान अली आगा, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सऊद शकील और शाहीन शाह आफरीदी

# मुझे नहीं लगता कि हार्दिक एक कप्तान के रूप में बेस्ट ऑप्शन हैः आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी भी क्रिकेट सर्किट में एक कप्तान के रूप में तैयार नहीं हैं और उन्हें लगता है कि मुंबई इंडियंस को उन्हें एक अच्छा कप्तान बनाने के लिए बहुत सारे इनपुट प्रदान करने होंगे।

14 दिसंबर को मुंबई इंडियंस ने घोषणा की कि हार्दिक आईपीएल 2024 सीजन से पहले टीम के नए कप्तान होंगे। इसका मतलब टीम के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के शानदार दस साल के शासनकाल का अंत भी था, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीजन के बीच से यह भूमिका निभाई थी।

हार्दिक ने अपने पहले सीजन में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

2023 में हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे।



आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीजन में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

आकाश चोपड़ा ने कहा, यह मेरी समझ है और कोई अंदरूनी खबर नहीं है। जब हार्दिक पांड्या ने गुजरात से जाने का फैसला किया, तो कप्तानी सौदे का एक हिस्सा रही होगी। इस फैसले के बारे में रोहित शर्मा को भी जरूर बताया गया होगा। रोहित को मुंबई इंडियंस की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई होगी। मुझे लगता है कि हार्दिक को गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाने में आशीष नेहरा की जबरदस्त भूमिका थी।

उन्हें हार्दिक को मैदान पर दोहराने के लिए एक अलग स्तर पर इनपुट प्रदान करना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हार्दिक, एक कप्तान के रूप में अभी तक एक तैयार उत्पाद हैं।

रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 दिलाए और कुल मिलाकर रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की। जिसमें से 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए। इस दौरान उनका जीत का प्रतिशत 55.06 रहा। चोपड़ा को लगता है कि यह एक युग का अंत है क्योंकि मुंबई भविष्य की ओर देख रहा है।

चोपड़ा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन यह तय करना और भी महत्वपूर्ण है कि किसी को कब जाने दिया जाए। सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा चल रही है कि हार्दिक को कार्यभार संभालने के लिए कहने से पहले रोहित को उनकी शर्तों पर जाने दिया जाना चाहिए था या एक मैच में एमआई का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। मैं व्यक्तिगत रूप से इसकी सदस्यता नहीं लेता। टीम से बड़ा कोई नहीं है।

जयन्त

संस्थापक

नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित

RNI No.UTTHIN/2005/16338